भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 595
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु के लिए उड़ान योजना

595. श्री नवसकनी के.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में उड़ान योजना के तहत परियोजनाओं के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में असेवित और कम सेवित हवाई अड्डों से 'उड़ान' उड़ानें शुरू करने के लिए और अधिक चयनित एयरलाइन ऑपरेटरों (एसएओ) को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यान्वित किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम, नेवेलिन, वेल्लोर और तंजौर जैसे हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू करने को सुकर बनाने के लिए विशेष उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 2024 तक 1000 उड़ानों मार्गों को चालू करने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में हुई प्रगति का अद्यतन ब्यौरा क्या है तथा साथ ही तमिलनाडु में की गई विशेष पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) तमिलनाडु राज्य में उड़ान योजना के तहत उड़ानों के विकास और परिचालन के लिए पांच (05) हवाईअड्डों नामतः सेलम, तंजावूर, रामनाद, वेल्लोर और नेवेली को चिन्हित किया गया है, जिनमें से सलेम में उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया है। वेल्लोर और नेवेली के लिए लाइसेंसिंग का कार्य प्रगति पर है। राज्य सरकार को रामनाद में सिविल एन्क्लेव के विकास के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध करानी है। तंजावूर में, राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित संपर्क मार्ग उपलब्ध कराए जाने पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सिविल एन्क्लेव का निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है।

तमिलनाडु राज्य में, अरकोनम, चेट्टीनाड, चोलावरम, सुलूर और उलुंदुरपेट में अप्रयुक्त हवाई पट्टियाँ बोली प्रक्रिया के लिए उड़ान योजना दस्तावेज़ में उपलब्ध हैं। विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें उड़ान के तहत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। जो हवाईअड्डा उड़ान के तहत प्रदान किए गए मार्गों में शामिल है और जिसे उड़ान परिचालन शुरू करने के लिए उन्नयन/विकास की आवश्यकता है, उसे 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों के जीर्णोद्धार' योजना के तहत विकसित किया जाता है।

(घ) उड़ान के तहत बोली प्रक्रिया के पांच दौर के समापन पर, आज तक 13 हेलीपोर्ट और 02 जल एयरोड्रोम सहित 85 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 579 मार्ग परिचालित हो चुके हैं।

तमिलनाडु में परिचालित उड़ान मार्गों की स्थिति अनुलग्नक में संलग्न है।

******

अनुलग्नक

आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत परिचालित मार्ग

क्र.सं.	दौर (Round)	प्रस्थान	आगमन	परिचालक	आरंभ की तारीख
1.	1	चेन्नई	मैसूर	ट्रूजेट	20-09-2017
2.	1	मैसूर	चेन्नई	ट्रूजेट	20-09-2017
3.	1	चेन्नई	कडपा	ट्रूजेट	16-11-2017
4.	1	कडपा	चेन्नई	ट्रूजेट	16-11-2017
5.	1	चेन्नई	सलेम	ट्रूजेट	25-03-2018
6.	1	सलेम	चेन्नई	ट्रूजेट	25-03-2018
7.	2	चेन्नई	कन्नूर	इंडिगो	25-01-2019
8.	2	कन्नूर	चेन्नई	इंडिगो	25-01-2019
9.	2	चेन्नई	हुबली	इंडिगो	01-07-2018
10.	2	हुबली	चेन्नई	इंडिगो	01-07-2018
11.	3	चेन्नई	दुर्गापुर	स्पाइसजेट	27-10-2019
12.	3	दुर्गापुर	चेन्नई	स्पाइसजेट	27-10-2019
13.	4	चेन्नई	कुरनूल	इंडिगो	28-03-2021
14.	4	कुरनूल	चेन्नई	इंडिगो	28-03-2021
15.	5.0	सलेम	बैंगलोर	एलाइंस एअर	16-10-2023
16.	5.0	बैंगलोर	सेलम	एलाइंस एअर	16-10-2023
17.	5.0	सलेम	कोचीन	एलाइंस एअर	16-10-2023
18.	5.0	कोचीन	सेलम	एलाइंस एअर	16-10-2023
19.	5.0	सेलम	बैंगलोर	इंडिगो	30-10-2023
20.	5.0	बैंगलोर	सेलम	इंडिगो	30-10-2023
21.	5.0	सेलम	हैदराबाद	इंडिगो	30-10-2023

क्र.सं.	दौर (Round)	प्रस्थान	आगमन	परिचालक	आरंभ की तारीख
22.	5.0	हैदराबाद	सेलम	इंडिगो	30-10-2023